# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : एस॰एस॰वि॰वि॰/सा॰ 333 /2021 दिनाङ्क:01 मार्च, 2021

# सूचना

संख्या– 122/सत्तर–रा0से0यो0को0–21–22/2002

प्रेषक,

श्रवण कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, प्रयागराज।
2. कुलसचिव,
रा0से0यो0 से संबंधित समस्त विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग लखनऊः दिनांक 23 फरवरी, 2021

**विषयः उत्तर प्रदेश सचिवालय स्तर पर पुनर्गठित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ में विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना के सफल संचालन हेतु भारत सरकार के निर्देशानुसार शासन स्तर पर रा0से0यो0 प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है, जिसमें न्यूनतम वेतन मैट्रिक्स लेवल– 12 (पे बैण्ड रू0 15600–39100 ग्रेड पे 7600) के पद पर विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी का एक पद सृजित है, जिसके लिये भारत सरकार के मैनुअल के प्रस्तर–1.6 में निम्नलिखित अर्हताएं निर्धारित की गयी है :–

(a) He/She should have served as Programme Coordinator in the University or Programme Officer in a college at least for four years continuously.

(b) He/She should possess the academic qualifications for being appointed as Programme Coordinator as prescribed by the Department of Youth Affairs & Sports, Government of India.

(c) He/She should have interest in Youth work in particular and social work in general.

2– उक्त पद पर चयन अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा। उक्त नियुक्ति सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति के आधार पर मूलतः दो वर्षों के लिये की जाएगी, जिसे कार्यकुशलता के आधार पर अग्रेतर दो वर्षों के लिये बढ़ाया जा सकता है।

3– उक्त पदधारक को उसके वेतन के अतिरिक्त मंहगाई व अन्य भत्ते, जो भी उन्हें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुमन्य हों, देय होंगे।

4– विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी के पद पर चयन के लिए आवदेन पत्र प्राप्त करने हेतु पूर्व मे विज्ञापन किया गया। आवदेन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 07 मार्च, 2020 निर्धारित थी। कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए **(सूची संलग्न)** कोविड–19 महामारी के कारण उक्त पद हेतु चयन प्रक्रिया सम्भय नही हो पायी जिसके कारण शासन द्वारा पुनः दिनांक–05.03.2021 तक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि निर्धारित की गयी है। यदि कोई अभ्यर्थी उक्त पद पर कार्य करने के इच्छुक न हों तो वे कृपया शासन को उक्त निर्धारित तिथि 05 मार्च, 2021 तक ई–मेल आईडी **sloup.nss@gmail.com** पर सूचित करने का कष्ट करें। जिन शिक्षक/अभ्यर्थियों ने पूर्व में आवेदन किया है **(सूची संलग्न)**, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

...2/

5- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पद पर कार्य करने के इच्छुक अपने विश्वविद्यालय तथा उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत् शिक्षक/अभ्यर्थियों के पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 05 मार्च, 2021 (रात्रि 12: 00बजे तक) शासन के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ को ई-मेल आईडी **sloup.nss@gmail.com** पर भेजे तथा हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा विभाग, तृतीय तल बहुखण्डीय भवन सचिवालय लखनऊ- 226001 पर 09 मार्च, 2021 तक भेजना सुनिश्चित करे। आवेदन का प्रारूप संलग्न है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

संलग्नकः-यथोपरि।

भवदीय,

(श्रवण कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या- 122 (1)/सत्तर-रा०से०यो०को०-21-22/2002, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- सचिव, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, युवा कार्य तथा खेल विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली 110001।

2- निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/सचिव, उच्च शिक्षा विभाग को अपर मुख्य सचिव महोदया के अवलोकनार्थ।

3- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित की वे समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को तुरन्त आवश्यक निर्देश देने का कष्ट करे की वे उपर्युक्त अभ्यर्थियों के प्रार्थना पत्र अपनी संस्तुति सहित दिनांक-09 मार्च, 2021 तक हार्ड कॉपी में शासन को उपलब्ध करा दें।

4- क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय केन्द्र, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच0, अलीगंज, लखनऊ।

5- अपर सचिव, उच्च शिक्षा परिषद् को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त आदेश को उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

6- उच्च शिक्षा अनुभाग-3/4/5, उ0प्र0 सचिवालय लखनऊ।

आज्ञा से,

( श्रवण कुमार सिंह )
विशेष सचिव।

अतः उपरोक्त शासनादेशानुसार विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के योग्यताधारी इच्छुक शिक्षक पूर्णरूप से पूरित आवेदन पत्र दिनाङ्क 05.03.2021 तक ई-मेल आई॰डी॰ sloup.nss@gmail.com पर प्रेषित करते हुए हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा

योजना प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, तृतीय तल बहुखण्डीय भवन सचिवालय, लखनऊ-226001 पर दिनाङ्क 09 मार्च, 2021 तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जाएगा।

**संलग्नक- आवेदन पत्र का प्रारूप**

कुलसचिव
सं॰सं॰वि॰वि॰, वाराणसी

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, सं॰सं॰वि॰वि॰, वाराणसी।।
4. विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापकगण।
5. परीक्षा नियंत्रक।
6. उपकुलसचिव (परीक्षा/शैक्षिक)।
7. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
8. प्रबन्धक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालयों को इस आशय से कि शासनादेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ में विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन हेतु समस्त शिक्षकों को सूचित करने का कष्ट करें।
9. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालयों को उनके लागिन आई॰डी॰ के माध्यम से प्रेषित कराना सुनिश्चित करायें।
10. सहायक कुलसचिव, प्रशासन।
11. जनसम्पर्क अधिकारी।
12. सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव
सं॰सं॰वि॰वि॰, वाराणसी
01.3.2021

# आवेदन का प्रारूप

## विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी के पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप :–

(1) आवेदक का नाम – .......................
(2) जन्मतिथि – .......................
(3) वर्तमान पद तथा वेतनकम – .......................
(4) शैक्षिक योग्यता – .......................

| क0सं0 | परीक्षा का नाम | वर्ष | संस्था | विषय | उत्तीर्ण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल | | | | |
| 2. | इण्टरमीडिएट | | | | |
| 3. | बी0ए0 / बी0एस0सी0 / बी0काम | | | | |
| 4. | एम0ए0 / एम0एस0सी0 / एम0काम | | | | |
| 5. | अन्य / पी0एच0डी0 | | | | |

(5) अध्यापक के रूप में नियुक्ति की प्रथम तिथि –

(6) राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत वि0वि0 महाविद्यालय, जहाँ कार्यकम समन्वयक / कार्यकम अधिकारी के रूप में कार्य किया हो। –

(7) कार्य का अनुभव –
(अ) कार्यकम अधिकारी के रूप मे –
(ब) कार्यकम समन्वयक के रूप में –

(8) कार्यकम समन्वयक / कार्यकम अधिकारी के रूप में किये गये उल्लेखनीय कार्यों का विवरण: –

(9) समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य–

(10) टी0ओ0सी0 / टी0ओ0आर0सी0 द्वारा आयोजित ओरियेन्टेशन / रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यकम में प्रतिभाग किया गया (प्रमाण पत्र सहित) – हाँ / नहीं

(11) कार्यरत् संस्था का नाम व स्थानीय पता –

(12) अन्य विवरण –

प्राचार्य / कुलसचिव की संस्तुति

(आवेदक के हस्ताक्षर)

**नोटः–** जन्मतिथि / रीडर अथवा वरिष्ठ प्रवक्ता / कार्यकम समन्वयक / कार्यकम अधिकारी / टी0ओ0सी0 द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र (सभी प्रमाण पत्र) का साक्ष्य प्रस्तुत किया जाय।